
# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 8

### ( भूगोल )

### अध्याय 5: मानव संसाधन




**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**

# अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**(i) लोगों को एक संसाधन क्यों समझा जाता है?**
उत्तर: लोग हर वस्तु को अपनी आवश्यकताओं और योग्यताओं द्वारा संसाधन में परिवर्तित कर देते हैं। इसलिए लोगों को संसाधन समझा जाता है।

**(ii) विश्व में जनसंख्या के असमान वितरण के क्या कारण हैं?**
उत्तर: विश्व में जनसंख्या के असमान वितरण के निम्नलिखित कारण हैं:-
1. विश्व की अधिकतर जनसंख्या समतल मैदानों में निवास करती है।
2. जनसंख्या के वितरण में जलवायु एक महत्वपूर्ण कारक है। बर्फीले स्थानों और गर्म मरुस्थलीय भागों में जनसंख्या कम है।
3. एशिया और अफ्रीका महाद्वीप में तीन चौथाई जनसंख्या निवास करती हैं।
4. उपजाऊ भूमि पर जनसंख्या का वितरण अधिक होता है।
5. औघोगिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर अधिक होने के कारण लोग बड़ी संख्या में आकर बसते हैं।
6. सांस्कृतिक कारक धर्म और सांस्कृतिक महत्ता वाले स्थान लोगों को आकर्षित करते हैं।
7. सामाजिक कारक अच्छे आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविशाओं के क्षेत्र को आकर्षित करते हैं।

**(iii) विश्व की जनसंख्या अत्यंत तीव्रता से बढ़ रही है। क्यों?**
उत्तर: तीव्र जनसंख्या वृद्धि के निम्नलिखित कारण है:
1. खाघ आपूर्ति और औषधियों के कारण मृत्यु दर में कमी।
2. जन्म-दर का अभी भी अधिक रहना।

**(iv) जनसंख्या परिवर्तन को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों की भूमिका का वर्णन कीजिए |**
उत्तर: जनसंख्या परिवर्तन को प्रभावित करने वाले दो कारक निम्न हैं:
1. जन्म दर और मृत्यु दर जनसंख्या को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
2. प्रवास भी जनसंख्या परिवर्तन का एक प्रमुख कारक है। प्रवासियों के आने से जनसंख्या में वृद्धि होती है।

**(v) जनसंख्या संघटन से क्या तात्पर्य है?**
उत्तर: जनसंख्या संघटन आयु, लिंग-अनुपात, साक्षरता दर, स्वास्थ्य, व्यवसाय, आय के स्तर पर किसी देश की जनसख्या की संरचना को दर्शाता हैं।

**(vi) जनसंख्या पिरामिड क्या है? ये किसी देश की जनसंख्या को समझने में किस प्रकार मदद करते हैं?**
उत्तर: जनसँख्या संघटन के अध्ययन की एक रुचिकर विधि को जनसंख्या पिरामिड कहते हैं। यह किसी देश की जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने में मदद करता है। जनसंख्या पिरामिड का आकार किसी देश में रहने वाले लोगों की कहानी बताता है। पिरामिड सभी आंकड़ों को सरलता से दर्शाता है।

**प्रश्न 2. सही को चिह्नित कीजिए**

**(i) जनसंख्या वितरण शब्द से क्या तात्पर्य है?**
**(क) किसी विशिष्ट क्षेत्र में समय के साथ जनसंख्या में किस प्रकार परिवर्तन होता है।**
**(ख) किसी विशिष्ट क्षेत्र में जन्म लेने वाले लोगों की संख्या के संदर्भ में मृत्यु प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या ।**
**(ग) किसी दिए हुए क्षेत्र में लोग किस रूप में वितरित हैं।**

MUNIT Classes

उत्तर:(ग) किसी दिए हुए क्षेत्र में लोग किस रूप में वितरित हैं।

**(ii) वे तीन मुख्य कारक कौन से हैं जिनसे जनसंख्या में परिवर्तन होता है?**
**(क) जन्म, मृत्यु और विवाह**
**(ख) जन्म, मृत्यु और प्रवास**
**(ग) जन्म, मृत्यु और जीवन प्रत्याशा**
उत्तर: (ख) जन्म, मृत्यु और प्रवास

**(iii) 1999 में विश्व की जनसंख्या हो गई -**
**(क) 1 अरब**
**(ख) 3 अरब**
**(ग) 6 अरब**
उत्तर: (क) 1 अरब

**(iv) जनसंख्या पिरामिड क्या है?**
**(क) जनसंख्या का आयु-लिंग संघटन का आलेखीय निरूपण ।**
**(ख) जब किसी क्षेत्र का जनघनत्व इतना बढ़ जाता है कि लोग ऊँची इमारतों में रहते हैं।**
**(ग) बड़े नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या वितरण का प्रतिरूप ।**
उत्तर:(क) जनसंख्या का आयु-लिंग संघटन का आलेखीय निरूपण।

**प्रश्न 3. नीचे दिए शब्दों का उपयोग करके वाक्यों को पूरा कीजिए -**
**विरल, अनुकूल, परती, कृत्रिम, उर्वर, प्राकृतिक, चरम, घना ।**

**जब लोग किसी क्षेत्र की ओर आकर्षित होते हैं तब यह...........बसा हुआ बन जाता है। इसे प्रभावित करने वाले कारकों के अंतर्गत ......... जलवायु .... .... संसाधनों की आपूर्ति और....... .. ज़मीन आते हैं।**

उत्तर: जब लोग किसी क्षेत्र की ओर आकर्षित होते हैं तब यह **घना** बसा हुआ बन जाता है। इसे प्रभावित करने वाले कारकों के अंतर्गत **अनुकूल** जलवायु **प्राकृतिक** संसाधनों की आपूर्ति और **उर्वर** ज़मीन आते हैं।

**प्रश्न 4. क्रियाकलाप**

**जिस समाज में ' 15 वर्ष से कम आयु के बहुत से लोग' हैं और '15 वर्ष से कम आयु के बहुत कम लोग हैं उस समाज की विशेषताओं का वर्णन करो संकेत: विद्यालय की आवश्यकता, पेंशन स्कीम, शिक्षक, खिलौने, पहिएदार कुर्सी, श्रम आपूर्ति, अस्पताल। -**
उत्तर: छात्र स्वयं करें।

MUKUT classes